परामर्शदाता– एचएमआईएस

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम तैयार करने में योगदान करने का दायित्व भी सौंपा गया है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता–एचएमआईएस (स्वास्थ्य प्रबंध सूचना प्रणाली) की भर्ती करने का इच्छुक है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की यात्रा करनी होगी।

भूमिकाएं और दायित्वः
- राज्य के अधिकरियों, प्रौद्योगिकी भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ संपर्क करना,
- विसंगतियों के लिए डेटा का परीक्षण करना और स्वास्थ्य प्रबंध सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) डेटा की त्रुटियों में सुधार करने के लिए राज्यों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना,
- आवश्यकतानुसार सूचक/रिपोर्टों/डेश बोर्ड/अंक पत्रों के टेम्पलेट तैयार करना,
- विभिन्न हितधारकों को उपलब्ध कराने के लिए सांख्यिकीय साधनों का उपयोग करते हुए डेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्टें संकलित करना,
- कमियों का पता लगाना और वर्तमान एचएमआईएस अप्लीकेशन में नवीनता लाने के लिए समाधान सुझाना,
- राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को डेटा रिपोर्टिंग फार्मेट, रिपोर्टों और डेटा की उपयोगिता सहित एचएमआईएस के विविध पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान करना,
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।
- परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेगा और उसका कार्य स्थल दिल्ली होगा। उसे देश के अंदर कहीं भी यात्रा करनी पड़ सकती है।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभवः
- सांख्यिकी/सामाजिक विज्ञान/जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि या एमबीबीएस/एमपीएस या एमबीए (एचआर/आईटी)/बी.ई./बी.टेक (सीएस/आईटी) उपाधि धारक हो।
- डेटा प्रबंध और विश्लेषण का न्यूनतम 2 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

वांछनीय योग्यताएं
- डेटा रख–रखाव/डेटा विश्लेषण के क्षेत्र में 2 वर्षों का अनुभव। एमएस–ऑफिस और सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर (एसएएस, एसपीएसएस आदि) का कार्यसाधक ज्ञान।
- आरसीएच कार्यक्रमों की जानकारी को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

आयु सीमाः 35 वर्ष या उससे कम

नोटः अपने जीवन वृत्त (रेज्यूमे) में आयु, स्नातक उपाधियां उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान एवं पूर्व रोजगार की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल consultant.hmis.2015@gmail.com या डाक द्वारा/दस्ती रूप से एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 के पास दिनांक **1-Jan-2016** को अपराह्न 4 बजे तक पहुंच जाने चाहिए। कृपया यह सुनिश्चित करें कि लिफाफे पर (डाक के मामले में) और विषय–लाइन में (ई–मेल के मामले में) आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, ऐसा नहीं करने पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।